**भारत सरकार**

**सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या : 1820**

**उत्तर देने की तारीख : 01.08.2024**

**प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना**

**1820. डॉ. के. सुधाकर:**

क्या **सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार के पास देश भर में प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के अंतर्गत किए गए नामांकनों की कुल संख्या के संबंध में आंकड़े हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी राज्य-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) कर्नाटक के चिक्काबल्लापुर लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र में प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के अंतर्गत लाभान्वित हो रहे लोगों की कुल संख्या का ब्यौरा क्या है;

(ग) कर्नाटक के लिए उक्त योजना के अंतर्गत की गई पहलों का ब्यौरा क्या है;

(घ) कर्नाटक के लिए प्रशिक्षण संस्थानों को सहायता योजना के अंतर्गत प्रदान की गई सहायता का ब्यौरा क्या है; और

(ङ) क्या सरकार के पास कर्नाटक के खादी उद्योग के संबंध में आंकड़े हैं और यदि हां, तो वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान कुल उत्पादन, सृजित रोजगार और लाभ के ब्यौरे सहित तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम राज्य मंत्री**

**(सुश्री शोभा करंदलाजे)**

(क) से (ग) : पीएम विश्वकर्मा योजना की शुरुआत माननीय प्रधान मंत्री महोदय द्वारा दिनांक 17.09.2023 को की गई थी। इस स्कीम का उद्देश्य अपने हाथों और औजारों से काम करने वाले कारीगरों और शिल्पकारों को शुरू से अंत तक की संपूर्ण सहायता प्रदान करना है। इस स्कीम के घटकों में पीएम विश्वकर्मा प्रमाण-पत्र और पहचान-पत्र के माध्यम से मान्यता प्रदान करना, कौशल उन्नयन, टूलकिट प्रोत्साहन, क्रेडिट सहायता, डिजिटल लेनदेन को प्रोत्साहन तथा विपणन सहायता शामिल हैं। इस स्कीम को कर्नाटक राज्य सहित देशभर में शुरू किया गया है। इस स्कीम के अंतर्गत राज्य/संघ-राज्य क्षेत्र-वार नामांकनों की कुल संख्या **अनुबंध-I** में दी गई है। चिक्काबल्लापुर जिले से प्राप्त कुल आवेदनों तथा पीएम विश्वकर्मा स्कीम के अंतर्गत लाभ प्राप्त करने के लिए पात्र सफल पंजीकरणों की कुल संख्या क्रमशः **97,356** तथा **17,696** है।

(घ) : सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय ''प्रशिक्षण संस्थानों को सहायता (एटीआई)'' स्कीम नामक केंद्रीय क्षेत्र की एक स्कीम का कार्यान्वयन कर रहा है जिसके अंतर्गत (i) एमएसएमई मंत्रालय के प्रशिक्षण संस्थानों तथा राज्य स्तरीय मौजूदा ईडीआई की समग्र क्षमता का सुदृढ़ीकरण तथा (ii) कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रमों के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। यह स्कीम मांग आधारित स्कीम है। विगत तीन वर्षों और मौजूदा वर्ष (दिनांक 26.07.2024) के दौरान एटीआई स्कीम के अंतर्गत देशभर में जारी कुल निधि का ब्यौरा निम्नानुसार है:-

| वित्त वर्ष | 2021-22 | 2022-23 | 2023-24 | 2024-25 (दिनांक 26.07.2024 तक) |
|---|---|---|---|---|
| जारी की गई निधि (करोड़ रु. में) | 47.96 | 21.99 | 13.76 | 5.25 |

(ङ) : कर्नाटक राज्य में, वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान खादी उद्योग के अंतर्गत कुल उत्पादन 49,943.44 लाख रु. तथा सृजित रोजगार 27,612 व्यक्ति है। पंजीकृत खादी संस्थान, जो गैर-लाभकारी संगठन हैं, के द्वारा खादी कार्यक्रम का कार्यान्वयन किया जा रहा है।।

*****

**अनुबंध-I**

**लोक सभा अतारांकित प्रश्न सं. 1820, जिसका उत्तर दिनांक 01.08.2024 को दिया जाना है, के भाग (क) के से (ग) उत्तर में संदर्भित अनुबंध**

दिनांक 17.09.2023 को स्कीम की शुरुआत से लेकर दिनांक 23.07.2024 तक पीएम विश्वकर्मा पोर्टल पर राज्य/संघ-राज्य क्षेत्र-वार नामांकनों की संख्या का ब्यौरा निम्नानुसार है:-

| क्र.सं. | राज्य/संघ-राज्य क्षेत्र | नामांकन/प्राप्त आवेदनों की संख्या |
|---|---|---|
| 1. | आंध्र प्रदेश | 2,042,254 |
| 2. | अरुणाचल प्रदेश | 1,882 |
| 3. | असम | 6,49,638 |
| 4. | बिहार | 15,35,498 |
| 5. | छत्तीसगढ | 9,42,766 |
| 6. | गोवा | 34,928 |
| 7. | गुजरात | 14,14,069 |
| 8. | हरियाणा | 6,89,393 |
| 9. | हिमाचल प्रदेश | 1,76,036 |
| 10. | जम्मू और कश्मीर | 4,41,114 |
| 11. | झारखंड | 2,57,392 |
| **12.** | कर्नाटक | **28,35,988** |
| 13. | केरल | 45,903 |
| 14. | मध्य प्रदेश | 2,883,273 |
| 15. | महाराष्ट्र | 11,72,814 |
| 16. | मणिपुर | 70,637 |
| 17. | मेघालय | 4,306 |
| 18. | मिजोरम | 7,628 |
| 19. | नागालैंड | 17,854 |
| 20. | ओडिशा | 5,73,454 |
| 21. | पंजाब | 1,51,431 |
| 22. | राजस्थान | 18,79,189 |
| 23. | सिक्किम | 3,502 |
| 24. | तमिलनाडु | 8,39,680 |
| 25. | तेलंगाना | 2,56,034 |
| 26. | त्रिपुरा | 50,321 |
| 27. | उत्तर प्रदेश | 28,68,967 |
| 28. | उत्तराखंड | 2,61,192 |
| 29. | पश्चिम बंगाल | 7,74,006 |
| 30. | अंडमान व निकोबार द्वीप समूह | 1,231 |
| 31. | चंडीगढ़ | 510 |
| 32. | दमन और दीव तथा दादरा और नगर हवेली | 6,335 |
| 33. | दिल्ली | 28,568 |
| 34. | लद्दाख | 5,065 |
| 35. | लक्षद्वीप | 113 |
| 36. | पुडुचेरी | 4,444 |
| | **कुल** | **2,29,27,415** |